8 सुझाव

बाढ़ के लिए तैयारी करने के कार्य जो आप अभी कर सकते हैं

1 अपने खतरे के बारे में जाने

2 यह समझें की कहाँ जाना चाहिए

3 यह पता करें कि किसको फ़ोन करना है

4 अपनी योजना अन्य लोगों को भी बताएँ

5 एक साधारण पर ज़रूरी आपातकालीन सामान का डब्बा (किट) तैयार करें

6 इस बारे में जाने कि कब क्या करना है

7 अपने बीमे को चेक करें

8 अपने स्थानीय ABC रेडियो स्टेशन से कनेक्ट करके रखें

SES
NSW STATE EMERGENCY SERVICE

Hindi

बाढ़ के लिए तैयारी करने के कार्य

1. अपने खतरे के बारे में जाने

- बाढ़ें सुरक्षित नहीं होती हैं और उनसे मौत हो सकती है
- बाढ़ें फ़ोन की लाइनें, पानी, बिजली, मल जाने के नालों, गैस के कनेक्शन को काट सकती हैं
- काऊन्सिल से बाढ़ के स्थानीय इतिहास व ऊँचाईयों के बारे में मालूम करें
- जो लोग इस क्षेत्र में लम्बे समय से रह रहे हैं उनसे स्थानीय बाढ़ के खतरे के बारे में बात करें
- बाढ़ आने के चिह्नों पर ध्यान दें, जैसे कि बहुत अधिक बारिश होना व तेज़ी से बहने वाला या ऊँचा उठता हुआ पानी
- अधिक जानकारी के लिए NSW SES की वेबसाइट www.ses.nsw.gov.au पर देखें

2. यह समझें की कहाँ जाना चाहिए

- बाढ़ के पानी में वाहन, साइकिल न चलाएँ या पैदल नहीं चलें। कोई सुरक्षित रास्ता ढूँढें
- आपके मित्र व रिश्तेदार जो बाढ़ के क्षेत्र से बाहर रहते हैं उनसे बात करें कि क्या आप उनके घर रह सकते हैं
- यदि आपको घर छोड़ कर जाना पड़ता है तो यात्रा के लिए सबसे सुरक्षित रास्ता देखें

3. यह पता करें कि किसको फ़ोन करना है

- अपने फ़ोन में या पास में ही आपातकालीन समय के नम्बरों की सूची रखें
- बाढ़ या तूफ़ान के समय आपातकालीन सहायता के लिए NSW SES को 132 500 पर फ़ोन करें
- जान को खतरा होने के समय आपातकालीन स्थिति में 000 (तीन बार शून्य) पर फ़ोन करें

4. अपनी योजना अन्य लोगों को भी बताएँ

- बाढ़ों के लिए योजना, अपने परिवार व पड़ोसियों से मिल कर बनाएँ
- यदि आप व्यापार करते हैं तो बाढ़ों के लिए योजना अपने व्यापार करने वाले पड़ोसियों से मिल कर बनाएँ
- अपनी योजना का नियमित रूप से अभ्यास करें

5. एक साधारण पर ज़रूरी आपातकालीन सामान का डब्बा (किट) तैयार करें

- एक आपातकालीन किट बनाएँ जिसमें बैटरी से चलने वाला इधर-उधर ले जा सकने वाला रेडियो, टॉर्च, अतिरिक्त बैटरी, प्राथमिक सहायता की किट, मोमबत्तियाँ, माचिस जो पानी में भीगती नहीं है, ज़रूरी कागज़ात, आपातकालीन योजनाएँ, आपातकालीन संपर्क नम्बर और पानी से बचाने वाला थैला हो
- अपने इस किट को ऐसी जगह पर रखें जहाँ से इसे आप आसानी से ले सकें

6. इस बारे में जाने कि कब क्या करना है

- मौसम कैसा है यह देखते रहें – मौसम ज्ञान का ब्यूरो - बाढ़ की स्थिति के बारे में व उससे संबंधी चेतावनियाँ www.bom.gov.au/nsw/warnings पर जारी करता है
- घर छोड़ने के आदेशों को मानें – इन आदेशों को न मानने से आप और आपका परिवार ख़तरे में पड़ सकता है

7. अपने बीमे को चेक करें

- यदि बीमा उपलब्ध है तो यह देखें कि वह वर्तमान में लागू होगा और आपकी स्थिति व ख़तरे के अनुसार आपके लिए उपयुक्त है

8. अपने स्थानीय ABC रेडियो स्टेशन से कनेक्ट करके रखें

- आपात स्थिति में, स्थानीय ऑस्ट्रेलियाई प्रसारण कारपोरेशन [Australian Broadcast Corporation (ABC)] रेडियो स्टेशन आपातकालीन चेतावनियाँ, जानकारी व नवीनतम सूचना देता है
- यह सुनिश्चित करें कि आपके पास बैटरी से चलने वाला रेडियो है

SES NSW STATE EMERGENCY SERVICE
(न्यू साऊथ वेल्ज़ राज्य की आपातकालीन सेवा)

Principal Partner NRMA INSURANCE

बाढ़ व तूफ़ान के समय आपातकालीन सहायता के लिए नीचे दिए गए नम्बर पर फ़ोन करें

132 500

जान-लेवा आपातकालीन स्थितियों में 000 (तीन बार शून्य) पर फ़ोन करें

अधिक जानकारी के लिए www.ses.nsw.gov.au पर देखें

#NSWSES /NSWSES /NSWSES